दिनांकः 18.03.2026 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

राज्यसभा ने आज 20 राज्यों के 59 सांसदों को विदाई दी। इनमें 9 महिला सदस्य भी शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विदाई समारोह में कहा कि राजनीति में कभी पूर्ण विराम नहीं होता और देश के लिए पूर्व सांसदों का अनुभव और योगदान हमेशा प्रासंगिक और मूल्यवान बना रहेगा। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश का ज़िक्र करते हुए, श्री मोदी ने कहा कि उन्हें लम्बे समय तक सदन में अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन करने का अवसर मिला। प्रधानमंत्री ने कहा कि श्री हरिवंश ने सदन चलाते हुए हमेशा सभी का विश्वास जीतने का प्रयास किया।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज जयपुर स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में उद्योगपतियों के साथ संवाद कर रहे हैं। उद्यमी संवाद का ये कार्यक्रम राजस्थान दिवस समारोह के तहत रखा गया है। इसमें ग्राउंड ब्रेकिंग के साथ ही निजी क्षेत्र में रोगजार पत्र हस्तांतरण भी किया जा रहा है। इस आयोजन में मुख्यमंत्री श्री शर्मा, तीन नई नीतियां इंटस्ट्रीयल पार्क प्रमोशन पॉलिसी, राजस्थान एयरो स्पेस और डिफेंस पॉलिसी तथा राजस्थान सेमीकंडक्टर नीति लॉंच करेंगे। इसके अलावा रीको औद्योगिक क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए 345 करोड़ रुपये की लागत के विभिन्न कामों का शिलान्यास और लोकार्पण किया जाएगा। इनमें 119 करोड़ रुपये की लागत के 40 काम जनता को समर्पित होंगे। वहीं 226 करोड़ रुपये के 46 कामों की आधारशिला रखी जाएगी।

000

नागर विमानन मंत्रालय ने विभिन्न एयरलाइंस को यात्री सुविधाओं और कार्य प्रणालियों को मजबूत करने के बारे में दिशा–निर्देश जारी किए हैं। इसके अनुसार किसी भी उड़ान में कम से कम 60 प्रतिशत सीटें निःशुल्क आवंटित करना शामिल है ताकि सभी को समान रूप से सीटें मिल सकें। मंत्रालय ने यह भी निर्देश दिया कि एक ही पीएनआर पर यात्रा करने वाले यात्रियों को आस–पास की सीटों पर एकसाथ बैठाया जाना चाहिए। खेल उपकरण और संगीत वाद्ययंत्रों को ले जाने के लिए भी पारदर्शी और यात्री अनुकूल तरीका अपनाया जाना चाहिए। इसके साथ ही पालतू जानवरों को ले जाने के लिए स्पष्ट और पारदर्शी नीति लाई जाएगी।

इस बीच, सरकार ने यात्रियों के अधिकारों विशेषकर उड़ानों में देरी होने, इसके रद्द होने और विमान पर सवार होने से रोके जाने के मामलों भी कड़े नियमों का निर्देश दिया है। मंत्रालय ने एयरलाइन की वेबसाइटों, मोबाइल एप्लीकेशनों, बुकिंग प्लेटफॉर्मों और हवाई अड्डों के काउंटरों पर यात्री अधिकारों का स्पष्ट उल्लेख करने को कहा है।

000

निर्वाचन आयोग ने असम, केरल, पुद्दुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनाव तथा अन्य छह राज्यों में होने वाले उपचुनाव के लिए एक हजार एक सौ ग्यारह केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं। राजस्थान से 37 पर्यवेक्षकों को तैनात किया गया है। इनमें 28 आईएएस और 9 आईपीएस अधिकारी शामिल हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने इन पर्यवेक्षकों को अपने–अपने विधानसभा क्षेत्रों में पहुंचने के निर्देश दिये।

आयोग ने कहा है कि पर्यवेक्षकों को अपना सम्पर्क विवरण सार्वजनिक करना होगा। साथ ही उम्मीदवारों, राजनीतिक दलों तथा लोगों की चुनाव संबंधी शिकायत सुनने के लिए रोजाना निश्चित समय निर्धारित करना होगा।

000

सवाईमाधोपुर जिले के खिलचीपुर गांव में जैविक कचरे के निस्तारण के लिए नई इकाई शुरू की गई है। ये ब्लैक सोल्जर फ्लाई तकनीक पर काम करती है। हमारे संवाददाता ने बताया कि राज्य में पहली बार शुरू की गई इस तकनीक से कम लागत में तेजी से जैविक कचरे का निस्तारण किया जा सकता है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 मार्च को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 132वीं कड़ी होगी। इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 27 मार्च तक स्वीकार किए जाएंगे।

000